



USTAD ANWAR KHAN MANGNIYAR

Ustad Anwar Khan Mangniyar is a professional Manganiar musician who is one of the leading vocalists of folk, Sufi and traditional music of western Rajasthan.

2. Born on 21st January, 1960 in a traditional singer family inhabitant of village Baiya, District Jaisalmer (Rajasthan), Ustad Anwar Khan has acquired outstanding credentials in the field of folk music. He started his music journey from his village in house of patrons and reached to all the corners of world. He has sung hundreds of folk songs, bhajans, sindhi sufiana, etc. He has extensively traveled within India and abroad as a Cultural ambassador to the countries like Russia, Japan, America, U.K., France, Germany, Italy, Switzerland, Iran, Iraq, Australia, China, Pakistan, Spain and has performed in over 490 programmes in Europe with Zingaro Theatre Group. He has worked with maestro legendry like Pt. Ravi Shankar, Yahudi Manehun, Ustad Zakir Hussain, Ustad Sultan Khan, Pt. Vishwa Mohan Bhatt, L. Subhrarnaniam etc. He is an approved artiste of All India Radio, Doordarshan and ICCR.

3. Ustad Anwar Khan has passed on oral tradition to the next generation through many workshops held by Shri Komal Kothari, Rupayan Sansthan, West Zone Cultural Centre and he also led the children contingent of Langa & Mangniar at Rajpath in January 1993. He also led the children performance in International Children Film Festival held in Udaipur in the year 1993.

4. Ustad Anwar Khan has given his voice in various films, documentaries of All India Radio, BBC, Doordarshan and other reputed channels. He has performed in the presence of President of France and Ms. Sophia, Queen of Spain. He has also performed before Shri Barack Obama, US President, at Rashtrapati Bhavan, New Delhi on 8th Nov. 2010.

5. Ustad Anwar Khan has received a number of honours and awards including Rajasthan Sangeet Natak Academy Award, 2003; Marudhar Award by Marudhara Sansthan, Kolkata; honour by - Rana Festival Association, USA; District Administration, Jaisalmer in 1998; District Administration, Badmer in 2000; the Governor of Rajasthan at Ajmer on Republic Day, 2008 etc.





उस्ताद अनवर खाँन माँगणियार

उस्ताद अनवर खाँन माँगणियार एक पेशेवर माँगणियार संगीतकार हैं जो पश्चिमी राजस्थान के लोक, सूफी और पारंपरिक संगीत के एक प्रमुख गायक हैं ।

2. 21 जनवरी, 1960 को, राजस्थान के जैसलमेर जिले के ग्राम बैया के एक पुश्तैनी गायक परिवार में जन्मे उस्ताद अनवर खाँन ने लोक संगीत के क्षेत्र में खासा नाम कमाया है। उन्होंने अपने घर के बड़े लोगों के बीच गांव से अपनी संगीत यात्रा की शुरुआत की और उन्हें दुनिया के सभी हिस्सों में जाने का अवसर मिला। उन्होंने सैकड़ों लोकगीत, भजन, सिंधी सूफियाना आदि गाए हैं। उन्होंने भारत में तथा विदेशों में भारत के सांस्कृतिक राजदूत के रूप में रूस, जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्विट्जरलैंड, ईरान, ईराक, ऑस्ट्रेलिया, चीन, पाकिस्तान, स्पेन जैसे देशों यात्राएं की हैं तथा जिंगरो थिएटर ग्रुप के साथ यूरोप में 490 से ज्यादा कार्यक्रमों में प्रदर्शन किया है। उन्होंने संगीत हस्तियों जैसे पं. रविशंकर, यहुदी मैनेहुन, उस्ताद जाकिर हुसैन, उस्ताद सुल्तान खान, पं. विश्व मोहन भट्ट, एल सुब्रमणियम आदि के साथ काम किया है। वह आकाशवाणी, दूरदर्शन और भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद के मान्यता प्राप्त कलाकार हैं।

3. उस्ताद अनवर खाँन ने श्रीकोमल कोठारी, रूपायन संस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित कई कार्यशालाओं के माध्यम से अगली पीढ़ी को मौखिक परंपरा प्रदान की है और उन्होंने जनवरी, 1993 में राजपथ पर लंगा और मंगणियार बच्चों के दल का नेतृत्व भी किया। उन्होंने वर्ष 1993 में उदयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह में बच्चों के प्रदर्शन की भी अगुवाई की।

4. उस्ताद अनवर खाँन ने आकाशवाणी, बीबीसी, दूरदर्शन और अन्य नामी चैनलों की विभिन्न फिल्मों, वृत्तचित्रों में अपनी आवाज दी है। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति और स्पेन की महारानी सुश्री सोफिया की उपस्थिति में अपने गायन का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 8 नवंबर, 2010 को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा के सम्मुख भी प्रस्तुति दी है।

5. उस्ताद अनवर खाँन को कई सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2003; मरुधर संस्थान, कोलकाता द्वारा मरुधर पुरस्कार; राणा फेस्टिवल एसोसिएशन, यूएसए; 1998 में जिला प्रशासन, जैसलमेर; 2000 में जिला प्रशासन, बाड़मेर; गणतंत्र दिवस, 2008 पर अजमेर में राजस्थान के राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया सम्मान शामिल है।